प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ, पेंटिंग प्रतियोगिता और हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं की प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय के 'गृह विज्ञान' विभाग के द्वारा 28 सितंबर, 2023 को प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ, पेंटिंग प्रतियोगिता और हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें रंगोली में 9, पेंटिंग में 9 और हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं में 8 छात्राओं ने भाग लिया। रंगोली में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राएं निमती, नेहा व शीतल रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राएं नेहा, ज्योति व निमती रही। हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राएं इंदू, ज्योति व प्रतिज्ञा रही। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता 'गृह विज्ञान' विभाग की इंचार्ज डॉक्टर अंशु ने की। कार्यक्रम का संचालन 'गृह विज्ञान' विभाग की प्राध्यापिकाओं श्रीमती तनु रानी व श्रीमती अनु रानी के द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती सोनी गोयल, श्रीमती रेखा सैनी और श्रीमती सुमन मोर ने निभाई। विजेता छात्राओं को विश्वविद्यालय की तरफ से इनाम स्वरूप नकद राशि प्रदान की जाएगी व 30 सितंबर, 2023 को महाविद्यालय में होने वाले टैलेंट शो में सर्टिफिकेट वितरित किए जाएंगे।

शुक्रवार • 29.09.2023
amarujala.com/jind

रंगोली में निमिती और पेंटिंग में नेहा अव्वल

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में रंगोली बनाओ, पेंटिंग प्रतियोगिता और हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। रंगोली और पेंटिंग में नौ छात्राओं और हरियाणा परंपरागत सजावटी वस्तुओं में आठ ने भाग लिया। रंगोली में बीए प्रथम वर्ष की निमिती ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की नेहा ने द्वितीय एवं शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग बनाओ प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की नेहा ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की ज्योति ने द्वितीय तथा निमिती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणा परंपरागत संजावटी वस्तुओं में बीए प्रथम वर्ष की इंदू ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय तथा प्रतिज्ञा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद